# श्याम सुन्दर को बनड़ा बना दो | By Jai Shankar Chaudhary |

श्याम सुन्दर को बनड़ा बना दो फिर
भक्त नाचेंगे बाराती बन बन के

पहले लगाओ मुखड़े पर चन्दन
पावों में पैंजनिया, हाथों में कंगन
इसके माथे पे बिंदिया लगा दो
फिर भक्त नाचेंगे बाराती बन बन के

जब तक ये बाबा सजता नहीं है
भक्तों का दिल भी लगता नहीं है
इसको मन के मुताबिक जँचा दो
फिर भक्त नाचेंगे बाराती बन बन के

केसरिया बागा, फूलों की माला
हाथों में मेहंदी, काजल है काला
सिर पे सांगानेरी पेंचा बाँधा दो
फिर भक्त नाचेंगे बाराती बन बन के

फिर लीले घोड़े पे इसको बिठाओ
'बनवारी' शहनाई वाले को लाओ
मेरे पावों में घुँघरू बाँधा दो
फिर भक्त नाचेंगे बाराती बन बन के

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%a6%e0%a4%b0-%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%ac%e0%a4%a8%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%a8%e0%a4%be/